-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 30.04.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति अभियान के तहत समस्त थाना क्षेत्रों में बाल-विवाह के प्रति चलाया गया विशेष जागरुकता अभियान साथ ही महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को शासन द्वारा जारी विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में किया गया जागरुक।**

विवरण- शासन की मंशानुसार मिशन शक्ति- 5.O अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में सभी थानों पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षित और सशक्त बनाने के लिये लगातार स्कूलों/कॉलेजों/कोचिंग सेन्टरों/ग्राम सचिवालयों आदि में जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन कर महिलाओं/बालिकाओं/ छात्राओं आदि को एकत्रित कर जागरुक किया जा रहा है । इसी क्रम में आज दिनांक 30.04.2025 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीम द्वारा बाल-विवाह के प्रति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं/बालिकाओं/ छात्राओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा चलाये जा रही विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों जैसे मुख्यमंत्री हेल्पालाइन-1076, वीमेन हेल्पलाइन-1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपाताकालीन पुलिस सेवा- डायल यूपी 112 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन नम्बर- 1930 जैसी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नम्बरों की सेवाओं आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बाल-विवाह निषेध अधिनियम-2006 के कानूनी प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी गई।